हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

04 गर्मी की दस्तक के साथ आग का कहर, तीन...

07 आवल्दा-चारिया मार्ग निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, घटिया...




## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह आज
**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर स्थानीय बस स्टेण्ड पर 7 मार्च, शनिवार को सांय 6 बजे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में नगर के वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति नगर के गणमान्य नागरिक व मातृ शक्ति की गरिमामय उपस्थिति होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर फु लो की होली मनाने का आयोजन रखा गया है।

### रंगपंचमी पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा
**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरू के. द्वारा 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले की समस्त 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल होटलबार, एफएल रिसोर्ट बार, गोदाम तथा समस्त देशी मद्यभाण्डागार शाम 5 बजे तक बंद रहेंगे।

### सीहोर में रोजगार मेला 17 मार्च को
**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा।

### शिविर में 960 बच्चों का टीकाकरण
**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 06 मार्च को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 700 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 260 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 107 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के साथ की झूमा-झटकी, हत्या के बाद गांव में फैली सनसनी

# भाई-बहन को ताऊ ने लाठियों से पीटकर हत्या की, लोगों ने आरोपी के घर में लगाई आग

## पुलिस की मौजूदगी में मृतकों का अंतिम संस्कार किया, छावनी में तब्दील गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दीकगंज/आष्टा

सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरी में शुक्रवार की सुबह रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात हुई, जिसने पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। जमीनी रंजिश के चलते एक कलयुगी ताऊ ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने ही सगे भतीजे और भतीजी की लाठियों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में स्थिति विकट हो गई और गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी के घर में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार धर्मपुरी निवासी कुलदीप मालवीय (18) अपनी बहन शीतल (20) के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने के लिए घर से निकला था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे उसके ताऊ हरिसिंह मालवीय और चचेरे भाई हेमंत मालवीय ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि बच्चे कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उन पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई को बचाने आई शीतल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### आरोपी के घर में लगाई आग, भारी पुलिस बल तैनात

डबल मर्डर की खबर जैसे ही गांव में फैली, परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। किसीअज्ञात ने आरोपी हरिसिंह के घर पर आग लगा दी। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे घर का केवल अगला हिस्सा ही जल पाया। वर्तमान में एहतियात के तौर पर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है।

### वन भूमि बनी वारदात का कारण

पुलिस के अनुसार जगदीश मालवीय और उनके भाई हरिसिंह के बीच लंबे समय से वन भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। साथ ही पिछले साल अक्टूबर में हरिसिंह के बेटे रितेश की एक सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसका बदला लेने के लिए वह अपने भाई के परिवार से रंजिश रख रहा था। इसे लेकर पूर्व में भी मारपीट के मामले दर्ज हुए थे, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**आरोपी पिता-पुत्र हिरासत में :** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मुख्य आरोपी हरिसिंह व उसके पुत्र हेमंत को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे सघन पूछताछ की जा रही है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।





### अस्पताल में हंगामा, पुलिस से भिड़े परिजन



हत्याकांड के बाद आष्टा सिविल अस्पताल में उस वक्त जबरदस्त हंगामा हो गया, जब आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान परिजनों की वहां मौजूद एक कांस्टेबल के साथ झुमाझटकी और मारपीट भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख आष्टा और पार्वती थाना प्रभारियों को अतिरिक्त बल के साथ मोर्चा संभालना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पिछले दो महीनों में चार बार पुलिस को आवेदन देकर जान के खतरे की आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस की सुस्ती ने आज दो बच्चों की जान ले ली।

### हाईटेंशन लाइन से छूते ही गेहूं से भरी ट्रॉली में लगी आग



**सीहोर।** समीपस्थ गांव भाऊखेड़ी में लसूडिया रोड पर गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रॉली में रखा लाखों रुपए कीमत का पूरा गेहूं जलकर राख हो गया। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। तब तक किसान की पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। दोपहर में किसान कटी हुई गेहूं की फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जा रहा था। लसूडिया रोड से गुजरते समय फसल हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। चलती ट्रॉली में आग भड़क उठी। आग तेजी से फैली। ट्रॉली में रखा सारा गेहूं लपटों में घिर गया। आसपास के ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग ज्यादा होने से प्रयास नाकाफी रहे। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ट्रॉली में रखा सारा गेहूं जल गया। किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 10 मार्च तक बढ़ाई किसान पंजीयन की अंतिम तिथि

**सीहोर।** शासन द्वारा किसानों सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तक बढ़ा दी गई है। पहले अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित थी, जिसे अब 10 मार्च कर दिया गया है। इसके साथ ही किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुल रहे हैं, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा।

## मीडिएशन फॉर नेशन अभियान के तहत न्यायाधीशगणों का प्रशिक्षण संपन्न




**सीहोर।** सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मीडिएशन फॉर नेशन अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान के तहत न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के नेतृत्व में जिला न्यायालयों में पदस्थ न्यायाधीशगणो के लिए राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो दो चरणों में 14 फरवरी और 28 फरवरी को संपन्न हुआ। सीहोर जिले से प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह सहित जिला एवं तहसील न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है। समय पर एवं सुविचारित रेफरल से न केवल सौहार्दपूर्ण समझौते की संभावना बढ़ती है, बल्कि न्यायालयों का बहुमूल्य समय भी बचता है, पक्षकारों के मध्य वैमनस्य में कमी आती है तथा न्याय वितरण प्रणाली के प्रति जन-विश्वास सुदृढ़ होता है।

### अभा क्षत्रिय महासभा का होली रंगपंचमी मिलन समारोह 8 को

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर के अध्यक्ष गणेश चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर परिवार द्वारा 8 मार्च, रविवार को प्रातः 11 बजे भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होली रंगपंचमी त्यौहार मिलन कार्यक्रम का आयोजन रखा जा रहा है। श्री चौहान ने आगे कहा कि उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति से जुड़ते हुए मिल जुलकर त्यौहार मनाना है। प्रत्येक त्यौहार हमें जीवन में सुख-शांति, प्रेम, भाईचारे का सन्देश देता है एवं नवीन उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास से प्रफुल्लित करता है। होली के पावन त्यौहार हमें जीवन में एकता का संदेश लेकर आती है। एक दूसरे से मिल कर अपने आपसी मतभेद भूलाकर पुनः एकता के रंगों में सराबोर करते हुए नई फसल आने का उत्साह मनाते हैं। यही भाईचारे की भावना को ओर अधिक प्रगाढ़ करने के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा होली रंगपंचमी मिलन समारोह प्रति वर्ष मनाया जाता है।

### नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों को जागरुक करने स्वयं गांव-गांव पहुंचे कलेक्टर

# कलेक्टर ने किया भैरुंदा और रेहटी तहसील के अनेक विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा



कलेक्टर बालागुरू के. ने भैरूंदा एवं रेहटी तहसील में चल रहे स्कूल भवन निर्माण, जल जीवन मिशन परियोजना, कृषि उपज मंडी सहित अनेक विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, युग्विजय यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नरवाई न जलाने के लिए किसानों को किया प्रेरित :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. भेरूंदा तहसील के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने पटवारियों और किसानों से संवाद कर उन्हें नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तथा वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने के बजाय इसके वैज्ञानिक एवं वैकल्पिक तरीकों को अपनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसानों को जागरूक करने के लिए गांव-गांव में अभियान चलाया जाए और नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

**जल जीवन मिशन परियोजना का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. लाडकुई पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### निर्माणाधीन स्कूल भवन और सीएचसी का किया निरीक्षण

इसके बाद कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी में निर्माणाधीन शासकीय सांदीपनी स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार की कोई कमी न हो। इसके साथ ही उन्होंने रेहटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा अस्पताल में साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जाए।

### जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला, आगरा और सतराना पहुंचकर जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा कोटवार द्वारा जनगणना के तहत किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता, सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मकान और परिवार की जानकारी सही तरीके से दर्ज की जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। उल्लेखनीय है कि जनगणना के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम राला में निर्माणाधीन कृषि मंडी का भी निरीक्षण किया।

## पहली बार 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान:धीरे-धीरे तापमान बढ़ता जाएगा, पिछले महीने ठंड-बारिश लगी



**सीहोर।** जिले में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह ठंड के मौसम के बाद पहली बार है जब पारा इतना ऊपर पहुंचा है। जिले का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

इससे पहले, अधिकतम तापमान लगातार 25 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। होली के त्योहार के बाद अब अचानक गर्मी का अहसास होने लगा है, जो गर्मी के आगमन का संकेत है। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में पिछले सवा दो महीनों में मौसम के चार अलग-अलग रूप देखे गए हैं। जनवरी में कड़ाके की ठंड थी, जबकि फरवरी में गर्मी, ठंड और बारिश तीनों मौसमों का अनुभव हुआ। अब मार्च महीने में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि अब धीरे-धीरे अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। वर्तमान में कोई वेस्टर्न डिस्टरबेंस या केंद्रीय साइक्लोनिक सिस्टम सक्रिय नहीं है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि आने वाले दिनों में गर्मी की शुरुआत हो जाएगी।

### जिले की 70 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 06 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 70 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है।

## खबर संक्षेप



### प्रधान डाकघर ने की पार्सल पिकअप व बुकिंग की सुविधा प्रारंभ

**सीहोर।** नागरिकगणों की सुविधा को और सुलभ बनाने के लिये सीहोर प्रधान डाकघर में पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है। जिसका सीधा लाभ सीहोर शहर के आम जनों को होगा जो भारी मात्रा में पार्सल बाहर भेजते हैं । इस अवसर पर सीहोर प्रधान डाकघर स्तर पर पार्सल कस्टमर / बीएनपीएल कस्टमर और प्रधान डाकघर स्टाफ की मीटिंग ली गई। पोस्टमैन स्टाफ को अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले पार्सल कस्टमर से व्यवसाय प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नये ग्राहक नूरी क्रिएशन इंग्लिशपुरा सीहोर से 15 पार्सल एमइ द्वारा उनके संस्थान से प्राप्त किये गये। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर एम एल मालवीय सहायक अधीक्षक डाकघर अश्वनी कुमार देशराज तथा पोस्टमास्टर सीहोर आनंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री ने बिलकिसगंज में किया पौधारोपण



**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बिलकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बिलकिसगंज एवं झागरिया के ग्रामवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। यदि किसी भी स्तर पर समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सेवाएं सदैव सक्रिय, सरल और लोगों के लिए सुलभ रहनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को समय पर राहत और सुविधाएं मिलें, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### आज 161 ग्रामों में जल प्रदाय रहेगा बाधित

**सीहोर।** बुधनी एवं भैरूंदा तहसील के अंतर्गत संचालित मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की जल प्रदाय प्रणाली में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस कारण 7 मार्च को योजना के सभी 161 ग्रामों में जल प्रदाय बाधित रहेगा।

### सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा पंचायत का टैंकर, प्रशासनिक तैयारियों की खुली पोल

# गर्मी की दस्तक के साथ आग का कहर, तीन एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हुई

आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ने लगा है। तहसील भैरूंदा के ग्राम टीकामोड़ में बुधवार दोपहर एक भीषण आगजनी की घटना में किसान की करीब तीन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में किसान की चार माह की मेहनत धुएं में तब्दील हो गई। इस घटना ने प्रशासन की तैयारियों और दावों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि सूचना देने के बाद भी ग्राम पंचायत का टैंकर समय पर मौके पर नहीं पहुंच सका।

जानकारी के अनुसार ग्राम टीकामोड़ निवासी किसान राजेश (राजू) मीणा के खेत में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। उस समय खेत में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार थी और कटाई का समय भी नजदीक था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खेत के एक हिस्से से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कुछ ही देर में करीब तीन एकड़ क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल उसकी चपेट में आ गई।

आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तत्काल लाड़कुई पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल को बुलाया गया। कुछ समय बाद दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी और खेत में केवल राख ही बची थी।

घटना के बाद किसान राजेश मीणा ने बताया कि उन्होंने अपनी लगभग तीन एकड़ जमीन में गेहूं की फसल बोई थी और फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी। कुछ ही दिनों में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक लगी आग ने चार महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। इधर इस घटना ने ग्राम पंचायत की की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी अनुसार अगर पंचायत का टैंकर समय पर पहुंच जाता तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। जानकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना पंचायत को दे दी गई थी, लेकिन टैंकर समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। हालांकि बाद में एक किसान के ट्रैक्टर से टैंकर को लाकर पानी पहुंचाया गया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि उस समय हवा का रुख शांत हो गया, जिससे आग आगे नहीं बढ़ सकी। अगर हवा तेज होती तो आसपास के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।

ग्राम पंचायत टीकामोड़ के सरपंच दीपक मीणा ने बताया कि किसान राजू मीणा के खेत में करीब तीन एकड़ की गेहूं की फसल आग से जलकर नष्ट हो गई है। पंचायत के पास पानी का टैंकर तो उपलब्ध है, लेकिन उसे खींचने के लिए ट्रैक्टर वाहन नहीं होने के कारण समय पर मौके पर नहीं पहुंचाया जा सका। उस समय किसानों के ट्रैक्टर खेतों में कृषि कार्य में लगे हुए थे, जिसके कारण तुरंत वाहन उपलब्ध नहीं हो पाया।

उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन खेतों के बीच से गुजर रहे बिजली के तारों में स्पार्किंग से शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। वहीं जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी ग्राम पंचायतों को पहले ही आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पंचायतों को टैंकरों में पानी भरकर रखने और इंजनों में पर्याप्त डीजल रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि तहसील भैरूंदा की करीब 101 ग्राम पंचायतों में से लगभग 60 पंचायतों के पास इंजन युक्त टैंकर उपलब्ध हैं। आगजनी की बड़ी घटनाओं में तहसील मुख्यालय से दमकल भी भेजी जाती है, लेकिन कई बार दूरी और समय के अभाव में फसल को बचाना कठिन हो जाता है। उधर नगर परिषद भैरूंदा के सीएमओ रामप्रसाद भावरे ने बताया कि नगर परिषद के पास फिलहाल केवल दो



दमकल मशीनें ही उपलब्ध हैं। ऐसे में अगर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आगजनी की घटनाएं होती हैं तो स्थिति संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आवश्यकता पड़ने पर रेहटी और इछावर से भी दमकल मशीनें बुलानी पड़ती हैं।

गौरतलब है कि क्षेत्र में इससे पहले भी कई बार आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। बीते वर्ष नगर में हुई एक बड़ी आगजनी ने पूरे इलाके को दहला दिया था। वहीं मंडी अतरालिया क्षेत्र में भी करीब 40 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई थी। उस समय भी दमकल संसाधनों और अग्निशमन व्यवस्था की कमी को लेकर सवाल उठे थे।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर आगजनी से निपटने के लिए पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पंचायतों को टैंकरों में पानी भरकर रखने और इंजनों में पर्याप्त डीजल रखने को कहा गया है, ताकि शुरुआती स्तर पर आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने बताया कि ग्राम टीकामोड़ की घटना में हुए नुकसान का तहसीलदार द्वारा सर्वे कराया जाएगा और नियमानुसार किसान को मुआवजा दिया जाएगा।

# रंगों में डूबा भैरुंदा: अबीर-गुलाल से सराबोर हुआ तहसील क्षेत्र, पुलिस की मुस्तैदी में होली शांतिपूर्ण संपन्न हुई

### ड्यूटी के बाद थाना परिसर में भी झूमे पुलिसकर्मी, रंग-गुलाल लगाकर दी एक-दूसरे को शुभकामनाएं

**भैरुंदा।** रंगों का पर्व होली इस वर्ष भैरूंदा नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में उल्लास, उत्साह और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नगर की गलियों, चौक-चौराहों और ग्रामीण अंचलों में अबीर-गुलाल उड़ता नजर आया। ढोल-नगाड़ों की थाप, फाग गीतों की गूंज और रंगों की फुहारों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

सुबह होते ही बच्चों और युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकल पड़ीं। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाते रहे और पारंपरिक मिठाइयों के साथ बधाइयों का दौर चलता रहा। घर-घर में गुझिया, मालपुआ और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। वहीं महिलाओं ने फाग गीत गाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। दोपहर बाद लोगों का एक-दूसरे के घर आना-जाना शुरू हुआ और देर शाम तक होली की शुभकामनाओं का सिलसिला चलता रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर डीजे की धुनों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया और रंगों की मस्ती में झूमते नजर आए। तहसीलभर में हर उम्र के लोग अबीर-गुलाल में सराबोर दिखाई दिए। लोगों ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। होली के इस अवसर पर सामाजिक संवेदनाओं की झलक भी देखने को मिली। कई स्थानों पर लोग उन घरों में भी पहुंचे जहां हाल ही में शोक हुआ था। परंपरा के अनुसार





परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए गुलाल लगाया गया और दुख-सुख में साथ रहने का संदेश दिया गया। यह परंपरा दर्शाती है कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी संवेदना और सामाजिक एकता का भी पर्व है। इधर नगर के कुछ स्थानों पर युवाओं ने पारंपरिक अंदाज से हटकर "कपड़ा फाड़ होली" भी खेली। हालांकि यह मस्ती सीमित स्थानों तक ही रही और कहीं भी किसी प्रकार की बड़ी अव्यवस्था सामने नहीं आई। होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और दिनभर गश्त जारी रही। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने लगातार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वहीं थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिस अधिकारी विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए रहे। पुलिस की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग से पूरे तहसील क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### थाना परिसर में पुलिस ने खेली होली

ड्यूटी की जिम्मेदारियां निभाने के बाद गुरुवार को भैरूंदा थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने भी उत्साह के साथ होली मनाई। साउंड सिस्टम की धुनों पर पुलिस अधिकारी और जवान रंग-गुलाल उड़ाते हुए झूमते नजर आए। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, एसआई लोकेश सोलंकी, एसआई पूजा राजपूत सहित थाना परिसर के समस्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं गोपालपुर थाने में भी पुलिसकर्मियों ने रंग-गुलाल के साथ होली का उत्सव मनाया। पुलिस की मुस्तैदी और नागरिकों के सहयोग से भैरूंदा में होली का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 'मामा कोचिंग क्लासेस' शुरू, गरीब प्रतिभाओं को घर के पास मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर भैरूंदा क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जनसेवा पहल की शुरुआत की गई। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंदौर या भोपाल जैसे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्र में निःशुल्क 'मामा कोचिंग क्लासेस' का शुभारंभ किया गया है, जहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

भैरूंदा के कृषक संगोष्ठी भवन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन कर कोचिंग क्लासेस का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस सेवा और सहयोग का एक महत्वपूर्ण संकल्प है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण बड़े शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के युवाओं को अब अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जीवन दर्शन और उनके संकल्पों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन को उत्सव के बजाय संकल्प दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है। इसी भावना के तहत इस बार भी पुष्पगुच्छ भेंट करने के स्थान पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस उनके पिता शिवराज सिंह चौहान की ओर से क्षेत्र के भांजे-भांजियों के लिए एक विशेष उपहार है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई बार संसाधनों के अभाव में विद्यार्थी अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते। इस पहल का उद्देश्य ऐसे युवाओं को अवसर प्रदान करना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें और अपने भविष्य को नई दिशा दे सकें। कार्तिकेय सिंह चौहान ने बताया कि कोचिंग क्लासेस के पहले चरण में 100 विद्यार्थियों के एक बैच का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी, जिसमें लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC), कर्मचारी चयन मंडल (ESB), SSC, बैंकिंग तथा अन्य राज्य और केंद्र स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन और गुणवत्तापूर्ण तैयारी निःशुल्क कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल युवाओं को परीक्षा पास कराना नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है ताकि वे देश और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कोचिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं, वहीं QR कोड के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए मोबाइल क्लीनिक शुरू करने की घोषणा भी की गई। विधायक रमाकांत भार्गव ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक चलित क्लीनिक शुरू करने की योजना बनाई गई है। इन मोबाइल क्लीनिकों में डॉक्टर, कंपाउंडर और अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहेगा तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की जाएगी।

मोबाइल क्लीनिक गांव-गांव पहुंचकर सामान्य बीमारियों की जांच और उपचार के साथ-साथ ईसीजी और रक्त परीक्षण जैसी प्रारंभिक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी लोगों को शहरों तक जाना पड़ता है, ऐसे में यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ये योजना सांसद मद से मिलेंगी।

कार्यक्रम के समापन पर कृषक संगोष्ठी भवन और जनपद पंचायत कार्यालय के आजीविका परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आजीविका समूह की महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया, वहीं विधायक रमाकांत भार्गव, कार्तिकेय सिंह चौहान सहित भाजपा के वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय,पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनाथ भाटी, जिला महामंत्री जितेंद्र गोड़, लखन यादव, अमर सिंह पटेल, माखन सिंह पटेल, तुलसीराम, ओम पटेल, भूपेन्द्र पाटीदार, आनंद पटेल, जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, पवन मीणा पंकज पंवार, जिला मंत्री अलका चौहान, रचना भारी, प्रतिभा मकवाना सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने 400 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा की प्रस्तुत की उत्कृष्ट मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 5 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वविद्यालय की सहायक उपाध्यक्ष कादंबरी एस. विश्वनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सतीश कुमार मोध, उपकुलपति डॉ. टी. बी. श्रीधरन, कुलसचिव के.के. नायर, डीन फैकल्टी अफेयर्स डॉ. देबाशीष अधिकारी, हमीदिया




अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह रक्तदान शिविर हमीदिया अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रक्त संग्रह की समस्त प्रक्रियाओं को अत्यंत सावधानी के साथ संपन्न किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और चिकित्सा अधिकारियों की सहायता करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 400 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हमीदिया अस्पताल के सहयोग से आयोजित यह रक्तदान शिविर विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता और सामुदायिक सेवा के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस इकाई के समर्पित स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्हें डॉ. विनोद भट्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेटियों को लगवाए एचपीवी टीका

**देवास।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 10 स्थानों पर यह टीकाकरण किया जा रहा है। जिसमें जिला चिकित्सालय देवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, सिविल अस्पताल सोनकच्छ, सिविल अस्पताल खातेगांव, सिविल अस्पताल कन्नौद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, सिविल अस्पताल हाटपीपल्या व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द सम्मिलित हैं।

### जिले में पराली जलाने वालों पर होगी अर्थदंड की कार्रवाई

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश क्रम के तहत गेहूं एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। उन्होंने फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्यवाही करने के आदेश जारी किए हैं। सिंह ने आदेश दिए हैं कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत गेहूं कटाई के लिए उपयोग किए जा रहे सभी कम्बाइन हार्वेस्टरों में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम/स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य कर आदेश के परिपालन में हार्वेस्टर संचालक/कांट्रेक्टरों से संबंधित थाने में शपथ पत्र प्रस्तुत करवाने की कार्यवाही की जाए। विभागीय अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा शासकीय कार्यालयों, सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में बैनर लगाकर, पंचायतस्तर पर संगोष्ठियों, ग्राम चौपालों, पेम्पलेट्स वितरण एवं मुनादी के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषकों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएं। सिंह ने आदेश दिए हैं कि पंचायत स्तर पर गठित राजस्व, पंचायत एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

### शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं, पीडब्ल्यूडी विभाग, ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप

# आवल्दा-चारिया मार्ग निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, घटिया सामग्री से तैयार हो रहा बेस

निर्माण कार्य में तय मापदंडों की अनदेखी करते हुए ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के लग रहे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



लंबे इंतजार के बाद स्वीकृत हुआ आवल्दा–चारिया–शिवपुर मार्ग का सड़क निर्माण अब गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। निर्माण कार्य में तय मापदंडों की अनदेखी करते हुए ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभाग और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आवल्दा–चारिया–शिवपुर मार्ग का निर्माण दो हिस्सों में स्वीकृत हुआ था। इस मार्ग का निर्माण कार्य करीब दो वर्षों से जारी है, लेकिन निर्धारित समय सीमा के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। आरोप है कि डामरीकरण के लिए तैयार किए जा रहे सड़क के बेस में पक्के मुरम की जगह मिट्टी और कच्चे मुरम का उपयोग किया जा रहा है, जो निर्माण के निर्धारित मानकों के विरुद्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह घटिया सामग्री से निर्माण कार्य किया गया तो सड़क बनने के कुछ समय बाद ही खराब होकर गड्ढों में तब्दील हो सकती है। इससे इस मार्ग से जुड़े किसानों और गांवों के लोगों को फिर से परेशानी का सामना करना पड़ेगा। निर्माण कार्य के दौरान कई स्थानों पर पानी निकासी के लिए छोटी पुलियाएं भी बनाई गई हैं। आरोप है कि इन पुलियों में पाइप तो डाले गए हैं, लेकिन मजबूत निर्माण सामग्री की जगह मिट्टी भर दी गई है, जिससे उनकी मजबूती पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस घटिया निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो कोई जांच की गई और न ही निर्माण कार्य में सुधार करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

### जनप्रतिनिधि ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

जिला पंचायत सदस्य कमल मस्कोले ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले की शिकायत पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आनंद गुप्ता को कई बार की गई, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि बड़ी मुश्किल से यह मार्ग स्वीकृत हुआ है, ऐसे में यदि निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता नहीं रखी गई तो यह सड़क बनने के कुछ समय बाद ही बदहाल हो सकती है।

**नोटिस जारी किया है**

विभाग की ओर से ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है और निर्माण कार्य में सुधार करवाया जाएगा।

**आनंद गुप्ता,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी

# गौवंश वध मामले का 9 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

### थाना औद्योगिक पुलिस को मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन हवालात" के तहत देवास पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम से जुड़े मामले में करीब 9 वर्षों से फरार चल रहे दोषसिद्ध स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर चलाए जा रहे "ऑपरेशन हवालात" के तहत लंबे समय से फरार इनामी और वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।इसी क्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने आरसीटी प्रकरण क्रमांक 2776/2017 धारा 6/9 मप्र गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के आरोपी अबरार पिता कल्लु शेख (40 वर्ष) निवासी ग्राम नागदा गोया, जिला देवास को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले लगभग 9 वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहा था।एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी।

5 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी देवास जिले में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार "ऑपरेशन हवालात" के तहत 1 नवम्बर 2024 से अब तक 862 फरार, स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिन पर कुल 1 लाख 76 हजार 500 रुपये का इनाम घोषित था।

### कैंची मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** शहर के बीएनपी थाना क्षेत्र में एक युवक के गले में कैंची मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार घटना 23 फरवरी 2026 की है, जबकि मामले की रिपोर्ट 26 फरवरी को बीएनपी थाने में दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि क्षेत्र में दो लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। इसी दौरान पीड़ित युवक विवाद शांत कराने और बीच-बचाव करने पहुंचा।इस दौरान आरोपी कल्याण सिंह निवासी ग्राम बनाफर ने गुस्से में आकर युवक के गले पर कैंची से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि मामले की जांच के बाद आरोपी कल्याण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# ग्रामीणों में दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के ग्राम बड़ा मालसापुरा में ग्रामीणों के बीच दहशत फैलाने वाले एक बदमाश को बीएनपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गांव में चोरी करने, खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाने और कृषि कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहा था।जानकारी अनुसार आरोपी पीरूलाल निवासी ग्राम सिंगारचोली, जिला शाजापुर पिछले कुछ दिनों से बड़ा मालसापुरा में वारदातों को अंजाम दे रहा था। हैरानी की बात यह थी कि हर घटना के बाद वह एक पर्ची (लेटर) भी छोड़कर जाता था, जिसमें अपना नाम लिखते हुए चोरी और नुकसान की जिम्मेदारी खुद लेता था।पर्ची में उसने लिखा था कि गांव के एक व्यक्ति से उसके बेटे का रिश्ता तय हुआ था, लेकिन बाद में वह रिश्ता तोड़ दिया गया। इसी को लेकर उसके करीब डेढ़ लाख रुपये बकाया हैं। आरोपी ने धमकी दी थी कि जब तक गांव वाले उस व्यक्ति से उसका झगड़ा नहीं सुलझाते, तब तक वह गांव में नुकसान करता रहेगा। साथ ही उसने गेहूं की फसल में आग लगाने की भी धमकी दी थी।लगातार हो रही घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने बीएनपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को शाजापुर से गिरफ्तार कर लिया।बीएनपी थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन देने के बाद मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है और आरोपी पीरूलाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 21 फीट ऊंचाई पर पांच बार घुमाया गया गल महाराज को, दर्शन के लिए उमडा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर चापड़ा में बुधवार शाम 21 फीट की ऊंचाई पर आडी लकड़ी में बांधकर गल महाराज को पांच बार घुमाया गया। प्रतिवर्ष होली के दूसरे दिन शाम को पंचायत भवन के सामने स्थित गल महाराज देव स्थान पर 21 फीट की ऊंचाई पर लकड़ी में बांधकर गल महाराज को घुमाया जाता है। जहां मन्नतें पूरी होने पर महिलाए पूजन करती है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में गल महाराज के दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान ग्राम पंचायत चापड़ा के सरपंच नाथू सिंह सेंधव,घीसाजी पटेल द्वारा गल महाराज का स्वागत किया गया। गल महाराज घूमने के बाद दो दिवसीय मेला प्रारंभ हुआ। नगर में मेले के दौरान एक दूसरे को जलेबी खिलाने का बड़ा महत्व माना जाता है। नगरवासी अपने घर जलेबी ले जाते है। उसी के चलते जलेबी की दुकानों पर भी ग्रामीणों की भीड़ लगी नजर आई, हालांकि बाजार में किसानों को उनकी फसलों का भाव नहीं मिलने का भी असर देखा गया, क्योंकि यह क्षेत्र कृषि पर ही निर्भर है और इस बार किसानों को फसलों का भाव नहीं मिल रहा है।

गल महाराज के दर्शन करने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंचायत भवन पहुंचे और गल महाराज के दर्शन किए।

गुरुवार को मेले का समापन हुआ। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चौहान भारी बल के साथ आयोजन के दौरान उपस्थित रहे। मेले में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे।

# गेहूं पंजीयन प्रक्रिया से किसान परेशान, 7 मार्च अंतिम तिथि से बढ़ी चिंता, किसान केंद्रों के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में गेहूं पंजीयन प्रक्रिया को लेकर किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। मंडियों में गेहूं सहित अन्य फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से किसान पहले ही चिंतित हैं, वहीं समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए जरूरी पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। स्थिति यह है कि कई किसान संबंधित संस्थाओं और ऑनलाइन केंद्रों के लगातार चक्कर लगाने के बाद भी पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। अब किसानों के मन में सरकार की गेहूं खरीदी को लेकर मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### प्रक्रिया किसानों के लिए सिरदर्द

किसानों का कहना है कि पहले हर साल समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान रहती थी और समय पर पूरी हो जाती थी। लेकिन वर्ष 2023 के बाद से यह प्रक्रिया किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। इस वर्ष भी किसानों को पंजीयन कराने के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है, जबकि 7 मार्च को पंजीयन की अंतिम तिथि बताई जा रही है। किसान चंपालाल पाटीदार ने बताया कि इस वर्ष गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराना किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।

### नहीं हो रहा पंजीयन

किसान इंद्र नारायण पाटीदार, राजेश शर्मा, शांतिलाल सोलिया, सीताराम अटरिया और मांगीलाल बामणिया सहित कई किसानों का कहना है कि बार-बार प्रयास करने के बावजूद पंजीयन नहीं हो पा रहे हैं। कभी वेबसाइट नहीं चलती, कभी ओटीपी नहीं आती और कई बार ऑनलाइन गिरदावरी का डाटा सर्वर पर अपलोड नहीं हो पाता। इन तकनीकी खामियों के कारण किसानों का समय पर पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि मंडियों में गेहूं एमएसपी से कम दाम पर बिक रहा है, ऐसे में समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए पंजीयन बेहद जरूरी है, लेकिन सिस्टम की लचर व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### किसानों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर उठाए सवाल

किसानों का आरोप है कि पहले सरकार और प्रशासन दोनों ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर गंभीर रहते थे और पंजीयन प्रक्रिया भी समय पर पूरी हो जाती थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। शिकायतों के बावजूद व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**सर्वर के कारण आ रही समस्या**

सर्वर डाटा के कारण समस्या आ रही है। इस संबंध में संबंधित विभाग से चर्चा कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

**आयुष पाटनी,** प्रबंधक, जिला सहकारी संस्था बागली

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सभापति के सुझाव पर पार्किंग व्यवस्था के प्लान बनाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शुक्रवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात व्यवस्था, महिला अपराध रोकथाम, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधडी और अवैध खनन संबंध विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर निगम सभापति रवि जैन, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, एसडीएम खातेगांव प्रवीण प्रजापति, एसडीएम कन्नौद कन्हैयालाल तिलवारी सहित जिला अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि राहवीर योजना और कैशलेस स्कीम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के दौरान जान बचाना और घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। इन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। आरटीओ राहवीर और कैशलेश स्कीम के अलग-अलग पंपलेट बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रसारित करें। ऋतुराज सिंह ने माता टेकरी पर श्रद्धालुओं के लिए आवागमन को सुगम बनाने, व्यवस्थाओं को सुधारने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि माताजी टेकरी क्षेत्र में लाइसेंस वाली दुकानों को ही लगाने की अनुमति दें, अवैध अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही करें। नवरात्रि को देखते हुए पहले से प्लान बनाकर कार्य करें। सिंह ने देवास शहर में विकास नगर चौराहा स्थित फ्लाई ओवर के नीचे वाहन पार्किंग की सुचारू व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड पर पार्किंग नहीं करने दें। नगर निगम और ट्रॉफिक पुलिस प्लान बनाकर पार्किंग के लिए जगह आवंटित करें। देवास शहर में एबी रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम और पुलिस की टीम साथ में मिलकर कार्य करें। सिंह ने निर्देश दिए कि क्षमता से अधिक सवारी बिठाने और तेज गति से बस चलाने वालों पर कार्रवाई करें। उन्होंने ट्रॉफिकऔर आरटीओ को इंदौर-उज्जैन रूट पर संचालित बसों के समय को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। सिंह ने कहा कि देवास में एमजी रोड पर रूटीन में ट्रॉफिक की क्रेन चलाते रहें।

बैठक में शहर में पार्किंग व्यवस्था के लिए भी चर्चा की गई, जिसमें नगर निगम सभापति रवि जैन द्वारा भी पार्किंग व्यवस्था के संबंध में सुझाव दिये। जिस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि पार्किंग व्यवस्था के लिए प्लान बनाकर कार्य करें। उन्होंने व्यवसायिक वाहनों की पीयूसी जांच करने और सभी पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल लाइन चौराहे सहित देवास शहर के अन्य चौराहों पर सुचारू ट्रॉफिक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। जिले में दुर्घटना संभावित स्थानों पर रंबल स्ट्रिपर लगाए। ब्लैक स्पॉट पर कार्य करें। जिले में चलने वाले हार्वेस्टरों के साथ स्ट्रा रीपर अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में सभी हार्वेस्टर संचालकों को थाने में बुलाकर शपथ पत्र पर साइन कराए। बिना स्ट्रा रीपर के जिले में काई भी हार्वेस्टर नहीं चलना चाहिए।

# सब रेंज कमलापुर के कक्ष क्रमांक 781 में लगी भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

गर्मी प्रारंभ होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। शुक्रवार शाम को रेंज जिनवाणी की सब रेंज कमलापुर के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 781 के जंगल में भीषण आग लग गई, जंगल में लगी आग से वन को भारी नुकसान हुआ है। एक तरफ वन विभाग सेटेलाइट से जंगल की निगरानी करने की बात कहता है, तो वही इतनी भीषण आग लगने के बाद भी वन विभाग के अमले को इस की भनक तक नहीं, या फिर कहे की वन विभाग की लापरवाही ही जंगल को नष्ट करने में लगी हुई है। इस क्षेत्र में अवैध कटाई भी तेजी से हो रही है, तो वहीं अब इस आगजनी की घटना ने वन विभाग पर कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। आग लगने से सिर्फ पेड़ पौधों को नहीं बल्कि इस जंगल में रहने वाले सभी वनस्पतियों एवं जीव जंतु को भी भारी नुकसान होता है। जानकारी अनुसार इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग से लगा छायन जंगल कक्ष क्रमांक 781 में खबर लिखे जाने तक कई हेक्टर भूमि आग की चपेट में आ चुकी थी, और बड़ी बड़ी आगे की लपेट उठती हुई दुसरे ही दिखाई दे रही थी। खबर लिखे जाने तक आग पर वन विभाग काबू नहीं कर पाया था। सब रेंज कमलापुर वन हमले की लापरवाही के कारण इस क्षेत्र में जंगल को भारी नुकसान हो रहा है। जीणवानी रेंजर रामेश्वर उईके ने बताया कि आगजनी को लेकर मुझे जानकारी नहीं है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है, मामले को दिखाता हूं।

## विप्र सेना जिला सीहोर के सचिव बने अभिषेक शर्मा

**जावर।** विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी,विप्र सेना प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश पंडित रोहित नागर,विप्र सेना प्रदेश प्रभारी सुनील शर्मा की अनुशंसा पर विप्र सेना जिला सचिव सीहोर अभिषेक शर्मा को बनाया गया वही संगठन के सभी पद अधिकारियों ने बताया कि निश्चित ही अभिषेक शर्मा की नियुक्ति से समाज और संगठन प्रगति करेगा। वही पंडित अभिषेक बालाजी ने सभी का आभार व्यक्त किया ओर बताया कि जिस प्रकार शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास किया में उनके विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। ब्राह्मण समाज की एकता अखंडता के लिए कार्य करता रहूंगा और संगठन का तेजी से विस्तार सीहोर जिले में हो इस लिए निरंतर में कार्य करूंगा।

### वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ पर धर्मसभा में दिए आशीष वचन

# कुछ पल का गुस्सा सब कुछ बर्बाद कर देता अपने गुस्से पर कंट्रोल करें: विश्वसूर्य सागर

### नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, में आयोजित हो रहे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नेमिनगर में आयोजित धर्मसभा में वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रकृति का दूसरा नाम स्वभाव है। कुंभकार अपनी मिट्टी से अपनी कला के अनुसार अनेक रुप व प्रकार से घडा ,दीपक आदि बना देता है।उसी प्रकार आत्मा आपके कर्मो के अनुसार फल भोगती है। जैन दर्शन आत्मा को परमात्मा बनाती है। अच्छे कार्यों में अपना मन लगाएं।कर्मों का फल सभी को भोगना पड़ता है। गुस्सा अर्थात आक्रोश कुछ पल के लिए आता है लेकिन सब कुछ बर्बाद कर देता है।इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। प्रयास यही करें कि गुस्सा नहीं आए।

जिसका अस्तित्व है वह सत्य है, जिस प्रकार हर दूध का अलग प्रभाव है ,उसी प्रकार हर कर्म का अलग प्रभाव है। घातिया कर्म भी अलग -अलग होते हैं। चार प्रकार के कर्म बताये हैं ,चारों का प्रभाव भी अलग -अलग है। तीर्थंकर भगवान की दिव्य वाणी का श्रवण तभी सार्थक है, जब व्यक्ति अपने विचारों और प्रवृत्तियों में परिवर्तन लाए।उन्होंने आचार्य नेमीचंद सिद्धांत स्वामी द्वारा रचित द्रव्य संग्रह की गाथाओं का श्रवण कराते हुए कहा कि बिना ज्ञान के कोई भी क्रिया संभव नहीं है।उन्होंने पांच पापों के त्याग को आवश्यक बताते हुए कहा कि केवल प्रतिमाएं धारण कर लेने से धर्म पूर्ण नहीं होता। यदि छल, कपट, झूठ और हिंसा जैसी प्रवृत्तियां नहीं छूट रहीं, तो आत्मशुद्धि संभव नहीं। व्रत रत्न के समान हैं, इसलिए इन्हें रत्नात्रय कहां गया है। मुनिराज ने कहा कि जैसे किसान अपनी फसल की रक्षा करता है, वैसे ही प्रतिमाधारी को अपने व्रतों की रक्षा करनी चाहिए।मनुष्य संसार में भटक रहा है क्योंकि वह अपने भावों को नहीं बदल रहा।यदि संसार से मुक्त होने की भावना है तो राग-द्वेष रूपी विकारों को रोकना होगा।मुनिराज ने कहा कि आत्मा में मोह के द्वार खुलना ही आश्रव है और इन प्रवृत्तियों को रोकना ही संवर है। आश्रव कोई व्यक्ति या वस्तु नहीं, बल्कि हमारे भीतर के विकारी भाव हैं।जब आत्मा रूपी नाव में राग-द्वेष प्रवेश करते हैं, तब वह संसार रूपी सागर में डूबती है। इसे रोकना ही आत्म कल्याण का मार्ग है। बच्चों को संस्कारवान बनाना आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि बच्चों को बाल्यकाल में ही संस्कार देना चाहिए ताकि वह बड़े होकर प्राप्त संस्कारों का पालन करें। उन्होंने कहा कि गुप्ती तीन प्रकार की होती है जिसे मन, वचन और काया कहते है।

मंदिर में कभी भी गलत भाव अपने मन में नहीं लाना चाहिए और मन, वचन और काया को निर्मल रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि धर्म एक ही है, उसे समझाने के अनेक तरीके हो सकते हैं। वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। क्रोधी व्यक्ति धर्म को नहीं समझ सकता, जबकि क्षमाशील व्यक्ति धर्म को आत्मसात कर सकता है। अहंकार त्यागकर सहज बनने से ही धर्म का बोध होता है। दस धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य,संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य आत्मा को उसके स्वभाव में लाने का मार्ग बताते हैं।बारह भावनाएं मन की मलिनता को दूर कर आत्मकल्याण की प्रेरणा देती हैं।उन्होंने 22 परिश्रय का उल्लेख करते हुए कहा कि बिना परिश्रय सहन किए परमात्मा पद की प्राप्ति संभव नहीं। जैसे मिट्टी को घड़ा बनने के लिए कुंभकार के पैरों से रौंदकर फिर घढ़ा और तपाया जाता है, वैसे ही आत्मा को भी पुरुषार्थ और सहनशीलता से तपना पड़ता है।मुनिराज ने कहा कि आत्मा में अनंत शक्ति निहित है। जो आत्मा को परमात्मा बनाना चाहता है, उसे परिश्रय सहन करना सीखना होगा।

शरीर की नहीं, आत्मा की चिंता करें,तभी जीवन का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त होगा। प्रतिमाएँ तो सात ले ली, लेकिन आपकी मायाचारी, छलकपट झूठ बोलना नहीं छूट रहा है,हिंसा के कार्य कर रहे हैं।अपने पापों से बचने के लिए यह पाप प्रवृत्ति नहीं छूट रही है। जो प्रतिमाएं ली है, उनकी सुरक्षा-रक्षा करना भी जरूरी है। वस्तु का स्वभाव ही धर्म है। क्रोध करने वालों को धर्म समझ में नहीं आएगा,क्षमा रखने वाले को धर्म समझ में आएगा। अहंकार छोड़ो सहज बनोगे तो धर्म समझ में आएगा। पानी का स्वभाव शीतलता है, पानी अपना स्वभाव छोड़ता है तब शीतलता समाप्त होती है। स्वभाव में आने का नाम संवर है।

# विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद 10 को

### श्री सत्य सॉई विश्वविद्यालय में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





भारतीय युवा शक्ति को राष्ट्रीय राजनीति, नीति निर्माण ओर नेतृत्व क्षमता की झलक देने वाला विकसित भारत युवा संसद 2026 का भव्य जिलास्तरीय कार्यक्रम अगामी 10 मार्च 2026 को सीहोर जिले के श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इसका उदेश्य जिले के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभाशाली युवाओं को लोकतांत्रिक शासन, नीति विमर्श तथा सामाजिक परिवर्तन की दिशा एवं राष्ट्रीय मुददों से जोड़कर 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी के लिए मंच उपलब्ध कराना है।इस युवा संसद में सीहोर जिले के कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा युवा संगठन के प्रतिनिधि जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के मध्य है वो भाग ले सकते है।

आयोजित हुए कार्यक्रम का विषय आपतकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रखा गया है जिसमे युवा अपने विचारों से सभी को अवगत करायेगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य के गणमान्य अतिथि, समाजसेवी एवं नीति विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेगें।श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ मुकेश तिवारी ने इस कार्यक्रम को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए यह संदेश दिया कि इस कार्यक्रम से जिले के युवाओं को आगे बढने एवं देश के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव दे पाने का अवसर मिलेगा जो कि वर्तमान परिपेक्ष में आवश्यक है, इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ गार्गी सिंह ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को विचारों का आदान-प्रदान, नेतृत्व कौशल विकास तथा लोकतंत्र की मूल भावना को समझने का प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

उन्होने बताया कि प्रतिभागियों के लिए प्रमाणपत्र तथा भविष्य की योजनाओं से जुड़ने के अवसर भी उपलब्ध होगे।इस कार्यकम भाग लेने या अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए mybharat.gov.in पर जा सकते है अथवा प्रतिभागिता के डायरेक्ट लिंक हेतु मायभारत सीहोर के सोशल मीडिया हैडल व श्री सत्य सॉई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया से प्राप्त कर सकते हैं।

# बैठक में निर्विरोध चयन, राजकुमार बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के लक्ष्मी दाल मिल परिसर में 05 मार्च को साहू समाज की एक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी बैठक आयोजित की गई। समाज की एकता और संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में वरिष्ठजनों और समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति में राजकुमार मांगीलाल साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समाज के प्रमुखजनों की उपस्थिति बैठक में समाज के वरिष्ठ स्तंभों, पदाधिकारियों और उत्साही कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से पारस साहू, पूर्व अध्यक्ष कमलेश जी साहू, शैलेंद्र साहू, भारत साहू, मनोहर साहू, राहुल साहू, मुकेश साहू, जितेंद्र साहू, सतीश साहू, हरिओम साहू, प्रहलाद जी साहू, शैलेश साहू, राम साहू, श्याम साहू, दिनेश साहू, अनिल साहू, बाबूलाल साहू, अशोक साहू, आरुष साहू, इंजीनियर जगमोहन, जयप्रकाश साहू, सुरेश साहू एवं रमेश साहू सहित अनेक समाजबंधु शामिल हुए। सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष का पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार मांगीलाल साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है क्योंकि उनके पूज्य पिता स्व. मांगीलाल साहू ने भी इसी पद पर रहकर निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की थी। उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने पिता के आदर्शों, संस्कारों और समाजसेवा की भावना से प्रेरणा लेकर इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल की प्रशंसा समाज के सदस्यों द्वारा पूर्व अध्यक्ष श्री कमलेश जी साहू के सफल एवं सराहनीय कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। समाज के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान, अटूट समर्पण और कुशल नेतृत्व के लिए सभी ने हृदय से आभार व्यक्त किया। आगामी कार्ययोजना भव्य होगी।

# कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का समापन, परीक्षा दे कर लौटे विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी राहत की खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का समापन 6 मार्च को हिंदी के पेपर के साथ हुआ। दोपहर 12 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों के चेहरों पर राहत नज़र आयी। अधिकांश छात्रों ने पेपर को मध्यम स्तर का बताया।

पीडब्ल्यू एमपी बोर्ड वाला के हिंदी शिक्षक उमेश परमार, जिन्हें छात्र प्यार से शीनू भैया कहते हैं, परीक्षा के बाद आष्टा के एक परीक्षा केंद्र पर छात्रों से मिलने पहुँचे। उन्होंने कहा, छात्रों ने इस साल बहुत मेहनत की है। यह देखकर खुशी होती है कि उनकी बोर्ड परीक्षाएं अच्छे अनुभव के साथ समाप्त हुईं। अपनी तरफ से शिक्षक भी उतनी ही मेहनत करते हैं। आज भी सुबह 4:30 बजे मैंने ऑनलाइन रिविज़न सेशन लिया। पिछले कुछ दिनों में मैराथन क्लासेज भी लीं और महत्वपूर्ण प्रश्नों को दोहराया।

हिंदी के पेपर में जिन छात्रों ने साहित्य को ध्यान से पढ़ा और पिछले कुछ दिनों में अच्छे से रिविज़न किया, उन्हें प्रश्न आसान लगे होंगे। परीक्षा केंद्र के बाहर शिक्षक शीनू भैया से मिलने रुके एक छात्र ने कहा, हमने काफी मेहनत की थी। शीनू भैया की क्लासेस से बहुत मदद मिली। जो पढ़ाया था, वही आया। उन्होंने जो अतिरिक्त प्रश्न करवाए थे, उनमें से कुछ के पेपर में भी दिखाई दिए। परीक्षा समाप्त होने के साथ ही अब छात्र परिणाम की प्रतीक्षा करेंगे और अगली शैक्षणिक यात्रा की तैयारी शुरू करेंगे।


## पकी फसल को आगजनी से बचाने के लिए किसान बंधु सावधानी रखें: तहसीलदार



**जावर।** रबी की फसल पक चुकी है एवं कटाई का दौर चल रहा है। विद्युत स्पार्क या नरवाई जलाने के दौरान खेतों में रखी फसल जलने का खतरा देखा जाता है। इस मौसम में फसल जलने की घटनाएं प्रकाश में आती रहती है। छोटी छोटी सावधानियां रखकर फसल बचाई जा सकती है। ओमप्रकाश चोरमा तहसीलदार जावर द्वारा किसानों से अपील की है, कि वे अपनी फसल की सुरक्षा के लिए सावधानियां रखें। खेत में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के आसपास की घास इत्यादि को काट कर इस तरह साफ कर दें कि स्पार्किंग से आग न फैले। ट्रांसफार्मर और ढीले तारों के नीचे से सबसे पहले फसल काटें उस जगह को बखर दें। प्रायः सिंचाई के लिए बिजली के पोल से मोटर तक जाने वाले तार जमीन पर बिछाए जाते है, इसमें स्पार्किंग से आग लगने की घटनाएं बहुत होती है। इसलिए जमीन पर बिछाए गए तारों को किसान बंधु हटा दें। फसल के पास बीड़ी-सिगरेट न पीएं और ना ही किसी को पीने दें। राहगीर भी बीड़ी, सिगरेट या अन्य सामग्री के जलते हुए टुकड़े न फेंकें। फसल के खलिहान को रिहाइशी इलाके या बिजली के खंभों से कम से कम 10 मीटर की दूरी पर बनाएं। किसान बंधु नरवाई ना जलाएं। नरवाई जलाने से आसपास के खेतों में रखी फसल के जलने का खतरा बहुत होता है। यदि आग लगे, तो उसे फैलने से रोकने के लिए ट्रैक्टर से उसके चारों ओर की एक पट्टी की जुताई कर दें और तत्काल फायर ब्रिगेड से आग बुझाने के लिए सूचना दें। किसान बंधु छोटी छोटी सावधानी रखकर अपनी कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसल को आगजनी की घटनाओं से बचा सकते।

# साहू समाज मनाएगा मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



साहू समाज द्वारा भक्ति शिरोमणि मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव 15 मार्च, रविवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगा, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू एवं महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू की अध्यक्षता में आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से चल समारोह के अध्यक्ष के रूप में धनराज साहू को नियुक्त किया। वहीं महिला मंडल चल समारोह अध्यक्ष की जिम्मेदारी संदीपा साहू को सौंपी गई। सभी समाजजनों ने नव-निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई दी और आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को अनुशासित और भव्य रूप से संपन्न कराने का सुझाव दिया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां कर्मा देवी जन्मोत्सव को सफल बनाने की अपील की गई।

# पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संकल्प पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति करते हुए हमारे प्रदेश के गौरव पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्र सरकार में कृषि कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिन पर संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। जिस तरह जल हमारे जीवन में बहुउपयोगी है, उसी प्रकार पेड़-पौधों की महत्ता भी है, क्योंकि यह हमें प्राणवायु प्रदान करते है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क परिसर में पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि 5 मार्च को प्रदेश के मामा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का जन्मदिन रहता है और वह अपना जन्मदिन बिना केक, फ्लेक्स, पोस्टर को दरकिनार कर पर्यावरण को उपहार स्वरूप पौधारोपण कर मनाते है। इसी के चलते आज जहां कृषि उपज मंडी के सामने स्थित पार्क में पौधरोपण किया गया, वहीं नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में ऋषभ विहार कॉलोनी में स्थित पार्क में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदेश के गौरव शिवराजसिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का मानना है कि जीवन का हर क्षण केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के लिए होना चाहिए। जीवन तभी सार्थक है, जब वह सेवा और सद्भाव के लिए जिया जाए। पेड़ लगाना पर्यावरण की सबसे बड़ी सेवा है, इसलिए आप सभी नगरवासियों से पेड़ कम से कम एक पौधा लगाने की अपील है।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, पूर्व पार्षद रवि सोनी, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, कुशलपाल लाला, प्रहलाद वर्मा, मनोहर विश्वकर्मा, मनोहर रेकवाल, कैलाश बागवान सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### राधा कृष्ण मंदिर में विश्वकर्मा समाज ने मनाया फाग उत्सव

# फूलों और रंग, गुलाल से होली काआंनद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विश्वकर्मा समाज जनों ने श्री विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर आष्टा पर भव्य फाग उत्सव का आयोजन रखा फाग उत्सव में उपस्थित सभी समाज जनो ने नाचते झूमते हुए फूलों और रंग, गुलाल से होली का आंनद लिया। सभी ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कि। इस अवसर पर मनोहर विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक विश्वकर्मा सुतार महासभा मध्य प्रदेश औश्र प्रसिद्ध भजन गायक राम श्री वादी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। फाग उत्सव में समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, इनमें से समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा,उत्सव समिति अध्यक्ष मेहरवान सिंह विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, श्री विश्वकर्मा सुतार महासभा म प्र के प्रदेश महामंत्री वेदप्रकाश पिपलोदिया, विष्णु जी विश्वकर्मा, प्रदेश मंत्री कृष्णपाल विश्वकर्मा, श्याम सिलोदिया मानस मंडल अध्यक्ष शिवजी वादी, राधेश्याम पटेल अरनिया दाऊद, उपाध्यक्ष सुनील जी सेकेट्री, युवा संगठन अध्यक्ष रवि



विश्वकर्मा, न्यूज़ प्रभारी रवि विश्वकर्मा आष्टा आदि कई समाजजन उपस्थित रहे।

# त्योहारों को लेकर एसपी ने अनुभाग का निरीक्षण किया, निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के आष्टा अनुभाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना सिद्दीकगंज व थाना जावर क्षेत्र का भ्रमण कर अनुभाग के सभी थाना प्रभारी को आगामी रंग पंचमी के जुलूस तथा गैर आदि के चल समारोह में आयोजकों से हुई। चर्चा के अनुसार, जुलूस मार्ग में आवश्यक बल लगाए जाने तथा मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से रखने तथा जुलूस की निगरानी और फोटोग्राफी ड्रोन कैमरा के जरिए कराए जाने तथा हाई राइज बिल्डिंग पर भी बल लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अन्य आगामी त्यौहारों शीतला सप्तमी पर माता मंदिरों पर उचित पुलिस व्यवस्था लगाई जाने तथा आगामी ईद के मौके पर ईदगाह तथा अन्य मस्जिदों पर आवश्यक बल लगाए जाने तथा सभी कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के दौरान एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता तथा अनुभाग के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।